### Demand to expedite the work related to the establishment of AIIMS at Darbhanga, Bihar

**श्रीमती धर्मशीला गुप्ता** (बिहार): उपसभापति महोदय, मुझे सदन में बोलने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं मिथिला की बेटी हूँ और एक सामान्य परिवार में पली-बढ़ी हूँ। मैंने गरीबी को बहुत नजदीक से देखा है। मैंने स्वयं इस पीड़ा को महसूस किया है कि कैसे पिछली सरकारों के समय में बिहार में स्वास्थ्य सेवाएँ लचर अवस्था में थीं। मैंने देखा है कि कैसे बिहार के गरीब और दलित व्यक्ति इलाज के लिए दिल्ली एम्स में परेशान होते हैं। उनको एम्स के बाहर फुटपाथ पर सोना पड़ता था, न खाने का ठिकाना होता था, न सोने का। बार-बार बिहार से दिल्ली और दिल्ली से बिहार आने-जाने में उनकी आर्थिक हालत खराब हो जाती थी। लेकिन उपसभापति महोदय, समाज के गरीब, दलित, पिछड़े और लाचार लोगों की चिन्ता करने वाले हमारे माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी का मैं हृदय से धन्यवाद व्यक्त करना चाहती हूँ, क्योंकि उन्होंने बिहार में पटना के बाद दूसरा एम्स दरभंगा जिले को दिया। इससे उत्तर बिहार के करोड़ों लोगों के साथ-साथ हमारे पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के कुछ क्षेत्रों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को भी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मैं इसके लिए तत्कालीन केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का भी आभार व्यक्त करती हूँ।

महोदय, मैं सदन के माध्यम से हमारी सरकार से विनम्र अनुरोध करना चाहती हूँ कि मिथिला के दरभंगा में प्रस्तावित एम्स का निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए, जिससे वहाँ की जनता को शीघ्रातिशीघ्र स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। साथ ही मैं आदरणीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद और आभार व्यक्त करना चाहती हूँ कि इस शानदार बजट में महिलाओं, युवाओं, गरीब, शोषित, दलित...

**श्री उपसभापतिः** माननीय मैडम, जब आप बजट पर बोलिएगा, तब आप यह बोलें, प्लीज़। Thank you.

The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Ajit Kumar Bhuyan: Dr. Fauzia Khan (Maharashtra) and Dr. Sasmit Patra (Odisha).

Now, Shri Ramji; request to construct Pachpedi Ghat Bridge at Lakhimpur Khiri, Uttar Pradesh.

### Request to construct Pachpedi ghat bridge in Lakhimpur Khiri, Uttar Pradesh

**श्री रामजी** (उत्तर प्रदेश): मान्यवर, मैं लखीमपुर खीरी से आता हूँ। लखीमपुर खीरी एक तराई क्षेत्र है, यह एक काफी पिछड़ा क्षेत्र भी है और यहाँ के लोग मोस्ट्ली खेती पर निर्भर करते हैं। लेकिन मान्यवर, बरसात के समय नेपाल के पानी की वजह से वहाँ बाढ़ आती है, जिससे वहाँ की 60 परसेंट आबादी प्रभावित होती है, यहाँ की फसलें जलमग्न हो जाती हैं, स्कूल, कॉलेज,

अस्पताल के रास्ते बंद हो जाते हैं और लाखों लोग बेघर हो जाते हैं। पलिया और लखीमपुर का लगभग 90 किलोमीटर का जो रेल का और रोड का संपर्क मार्ग है, वह हर साल टूट जाता है। इसलिए मान्यवर, वहाँ की जनता की एक लम्बे अरसे से एक माँग रही है कि शारदा नदी पर पचपेड़ी घाट के पुल का निर्माण कराया जाए। यह आज से नहीं, बीसों साल से माँग रही है। कई बार यह कहा गया कि वर्ल्ड बैंक से फाइनेंस हो गया, वहाँ पर नक्शा बनाया गया, टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई, लेकिन आज तक वहाँ पर पचपेड़ी घाट का पुल नहीं बनाया गया। अगर यह पचपेड़ी घाट का पुल बन जाता है, तो इससे वहाँ पर एक लंबे क्षेत्रफल में बाढ़ का जो प्रकोप है, वह भी रुकेगा। इससे सबसे बड़ी बात यह होगी कि निघासन और पलिया की जो दूरी है, वह करीब-करीब 30 किलोमीटर कम हो जाएगी। इसके साथ ही हमारा जो नेपाल का बॉर्डर एरिया है, वह भी हमारे लिए सामरिक दृष्टिकोण से बेहतर होगा, क्योंकि बरसात के समय पलिया का रास्ता बंद हो जाता है और हमारा कोई संपर्क नहीं रहता है। अगर यह पुल बन जाता है, तो हमारी पहुँच नेपाल तक होगी, इसलिए यह सामरिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूँ कि पचपेड़ी घाट पुल का निर्माण कराया जाए और ऐसा करके लखीमपुर की जनता पर उपकार किया जाए। वहाँ की जनता की लंबे अरसे से यही माँग है। मैं आपसे यही कहना चाहता हूँ, धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Ramji: Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shri A. A. Rahim (Kerala), Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu), Dr. John Brittas (Kerala), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu) and Shri P. Wilson (Tamil Nadu).

The next speaker is Shrimati Rajani Ashokrao Patil; Demand to reduce rate of GST on Mediclaim policies.

**Demand to reduce rate of GST on Mediclaim Policies**

SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL (Maharashtra): Sir, I would like to state about a very important issue regarding the health sector of India. Sir, GST on luxury goods like gold, silver, diamond is restricted to three per cent whereas for the services of medical importance and necessities, it is kept at 18 per cent, for example, life insurance and mediclaim insurance policies. This clearly shows that the Government is least bothered about public health care matters. Due to such heavy taxes, the common people avoid taking mediclaim insurance policies and ends up paying their hospital bills in lakhs. Our country had already experienced this at the time of Covid pandemic in 2019, where common man had to sell his property to pay the hospital bills as he was not covered under the medical insurance policy. It is recommended to